# विनम्र श्रद्धांजलि



जन्म
03-06-1943

निर्वाण
05-04-2021

## स्वर्गीय श्री रमेशचन्द जैन

5 अप्रैल 2021 को सहज भाव से आपका देवलोक गमन हो गया। आपका कर्मठ व्यक्तित्व सदैव स्मरण में सुसज्जित रहेगा, आपके आदर्शों का हम सभी परिजन अनुशरण करते रहेंगे। आपका जन्म भोपाल में हुआ था। आप स्वर्गीय श्री सेठ कन्हैयालालजी जैन के बड़े सुपुत्र थे, आप 4 बहन और 2 भाई थे। आपका विवाह श्रीमती आशा जैन इन्दौर से हुआ था। स्व. श्री फूलचंदजी पंचरत्न, इन्दौर आपके ससुरजी थे।

आप सीनियर ब्रांच मैनेजर देना बैंक से सेवानिवृत्त हुए थे। आप पिछले 40 वर्षों से रायपुर में निवास कर रहे थे। आप अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गये, जिसमें आपके 2 बेटे और 1 बेटी है।

**नमनकर्ता**

**श्रीमती आशा जैन धर्मपत्नी**

**पुत्र व पुत्रवधु -** श्री राजेश-प्रीति जैन। स्व. तरुण-कविता जैन * **पुत्री दामाद -** श्रीमती रिटा-अनिल जैन

**पौत्र -** श्री दीपांशु-आयुषी जैन। **पौत्री -** दिपाली जैन, दिशा जैन

**प्रतिष्ठान - श्री विद्यासागर स्टील । श्री दीप रॉयल (द बाईसिकल हब)**

* दीप रॉयल कॉम्पलेक्स, पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड़, रायपुर (छ.ग.) मो.: 9826160100, 8878695100

* निवास – डी 329, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)

# गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजली



* दैनिक विश्व परिवार, झांसी/रायपुर के संस्थापक 'विश्व परिवार' प्रकाशन समूह का बीजारोपण करने वाले बागवान **श्री कैलाशचंदजी जैन** का 78 वर्ष की आयु में समाधि भावपूर्वक देवलोकगमन दिनांक 22 अप्रैल 2021 को हो गया।

नश्वर देह त्यागने के अंतिम क्षणों में आपने श्री भगवान महावीर स्वामी, करुणा स्थली, अतिशय क्षेत्र श्री 1008 श्री सांवलिया पारसनाथजी करगुंवाजी एवं श्री चंद्रोदय तीर्थ को प्रणाम करते हुए पूर्ण शांत एवं निर्विकल्प भाव से देह त्याग दिया। देह त्याग के 6 दिन पूर्व से ही आप कुछ भी आहार ग्रहण नहीं कर रहे थे। निर्विकल्प भाव से श्री वीर प्रभु का स्मरण मात्र कर रहे थे। श्री कैलाशचंदजी झांसी व संपूर्ण बुंदेलखंड ही नहीं अपितु देशभर के गोलालारीय समाज में आपका नाम सम्मान के साथ लिया जाता था। कई क्षेत्रों में अपनी सेवाओं से आपने उच्च स्थान अर्जित किया।

राजनीति, पत्रकारिता समाज सेवा, धर्म सेवा, मुनि सेवा, मंदिर निर्माण व समाज कल्याण के साथ साथ प्रशासनिक दायित्व के क्षेत्र में अपने जीवन की अमूल्य सेवाएं देकर विशेष ख्याति अर्जित की है। गोलालारीय दर्शन पत्रिका द्वारा जब यह विचार आपके सम्मुख रखा गया कि तीर्थक्षेत्र पवाजी में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में बायोडाटा व युवक युवतियों के विवाह संबंधी जानकारी एकत्रित करने के लिए एक उचित मंच बनाया जावे तो आपने इस कार्य हेतु सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए पवाजी की तत्कालिक कमेटी से चर्चा कर इस कार्य के लिए हमें उचित स्थान उपलब्ध कराया। गोलालारीय दर्शन परिवार आज भी अपनी जिम्मेदारी मानकर उसे सफलतापूर्वक निभा रहा है।

बुंदेलखंड जैन समाज में आपका नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है जैन समाज की समस्त गतिविधियों में आपका मार्गदर्शन व समर्पण अवश्य ही रहता था। पवाजी तीर्थक्षेत्र के संरक्षक होते हुए आपने इस क्षेत्र को विश्व प्रसिद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर आज क्षेत्र को जैन समाज में बहुत ही प्रसिद्ध कर दिया है। आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के परामर्श प्रमुख व मार्गदर्शक थे। नगर पालिका परिषद झांसी के पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य पत्रकार मान्यता समिति के पूर्व अध्यक्ष, श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन के अध्यक्ष, श्री महावीर लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष, श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के संपादक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तरांचल तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष व दिगम्बर जैन महासमिति के संभाग संरक्षक के साथ साथ विभिन्न पत्रकार और संपादक संगठनों के अध्यक्ष व संरक्षक रहे है। श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के संपादक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रुप में आपके नेतृत्व में पत्रकारों के सद्भावना प्रतिनिधि मंडल ने रुस व चेकोस्लोवाकिया आदि देशों का दौरा किया था। जहां आपने भारतीय संस्कृति, पत्रकारिता एवं जैन दर्शन के प्रचार प्रसार में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी। आपने झांसी में मेडिकल कॉलेज के सामने पहाड़ी पर भगवान महावीर स्वामी करुणा स्थली, चंद्रोदय समवशरण मंदिर व पत्रकार भवन आदि के निर्माण में भी प्रमुख भूमिका निभाई।

वर्ष 1976 में झांसी से दैनिक विश्व परिवार पेपर का शुभारंभ किया व वर्ष 2013 में रायपुर में आपने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह की गरिमामय उपस्थिति में आपने दैनिक विश्व परिवार के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ किया।

आप प्रेस काउंसलिंग ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रदीपकुमार जैन, दैनिक विश्व परिवार झांसी के संपादक प्रवीण कुमार जैन व दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्वितीय उपाध्यक्ष आलोक जैन के पिताजी थे। आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।



* **श्री अशोक कुमार भुजबलप्रसाद जैन जरीवाला** का निधन 27 मई 2020 को हो गया। आप स्पष्ट वक्ता, सरल स्वभावी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। आप उज्जैन में समग्र जैन समाज में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के रुप में जाने जाते थे। समाज के धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में आपका विशेष योगदान रहा। आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के शिरोमणि संरक्षक सदस्य थे।

सभी से आत्मीयता से मिलना, सभी को सम्मान देना उनका स्वभाव था। जब भी किसी को सहायता की जरुरत होती थी वह उसे की भी खाली हाथ नहीं जाने देते थे। जैन समाज में उन्होंने धार्मिक व सामाजिक अनेक क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किये है। मुनि सेवा समिति के संस्थापक सदस्य रहते हुए उज्जैन नगर में मुनियों के चातुर्मास की व्यवस्था व उनके आहार निहार की व्यवस्था करने में उनका बहुत बड़ा योगदान संगठन को रहा है। विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ जयसिंहपुरा, उज्जैन के प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार व प्राचीन प्रतिमाओं के रखरखाव पर आपकी विशेष रुचि रही। आप समय समय पर वहां पर अपना मार्गदर्शन देते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहे। शहर की अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से आप सीधे जुड़े हुए थे। आपने अपने व्यवसाय में अपना विशेष मुकाम बनाया। आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के संपादक श्री राजेन्द्र जैन 'बागो' के चाचाजी थे और वे उन्हें समय समय पर समाज हितार्थ उच्चतम प्रयास के लिए प्रेरित करते थे।



* विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ देवगढ़ प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिगम्बर जैन गोलालारीय समाज भोपाल के अध्यक्ष हबीबगंज भोपाल जैन मंदिर कमेटी के संयोजक, गुणायतन ट्रस्टी व अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए प्रसिद्ध उद्योगपति, रेलवे ठेकेदार, हंसमुख, मिलनसार, स्नेही, मुनि साधु संत भक्त व्यक्तित्व और बुंदेलखंड माटी की शान **श्री प्रदीपकुमार जैन नौहरकलां** वालों का स्वर्गवास दिनांक 15 मई 2021 को हो गया।

आपके निधन की आकस्मिक सूचना से परिजन, भोपाल व ललितपुर जैन समाज स्तब्ध रह गया। श्री प्रदीपजी ने अपने पिताजी स्व. श्री चंपालालजी नौहरकलां वालों के अधूरे धार्मिक व सामाजिक कार्यों को पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारी मानकर पूरा किया। इसका ही परिणाम है कि आपने देवगढ़ तीर्थ क्षेत्र को प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्रों की पंक्ति में स्थान दिलाया और समाज सेवा भाव के साथ आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहे।